प्रदेश के 124 पीएम श्री स्कूलों का हुआ लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

25 अक्तूबर, 2023 को रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ प्रथम चरण में प्रदेश के 124 पीएम श्री विद्यालयों का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस दौरान उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार से शिक्षा विभाग के स्कूल ऐप और निपुण कार्यक्रम के मोबाइल एप्लीकेशन को भी लॉन्च किया, जिसका विद्यार्थियों को खासा लाभ मिलेगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में शुरू किये गए 4000 प्ले वे स्कूल को अब 'बाल वाटिका स्कूल'के नाम से जाना जाएगा। सरकार द्वारा इतने ही और स्कूल भी भविष्य में शुरू किये जाएंगे। बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिये आंगनबाड़ी केंद्रों को भी इन स्कूलों में परिवर्तित किया गया है।
- उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर में और सुधार के लिये प्रथम चरण में 124 पीएम श्री स्कूलों का नए सत्र से शुभारंभ होगा तथा दूसरे चरण में 128 स्कूलों के शुभारंभ के साथ ही इन स्कूलों की संख्या 252 हो जाएगी।
- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मॉडल संस्कृति स्कूलों की संख्या को 22 से बढ़ाकर 147 किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा प्रथम चरण में पीएम श्री के 124 स्कूलों के लिये 85 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई है। दूसरे चरण के 128 पीएम श्री स्कूलों के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई है।
- उन्होंने प्रदेश में शुरू की गई सुपर 100 योजना के सार्थक परिणामों की चर्चा करते हुए कहा कि अब तक 252 गरीब बच्चों का नीट, 127 बच्चों का आईआईटी तथा 26 बच्चों का एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में चयन हुआ है। सरकार द्वारा शीघ्र ही एनडीए की कोचिंग भी शुरू की जा रही है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/124-pm-shree-schools-of-the-state-inaugurated